# भारत और जापान मिलकर ग्रीन एनर्जी व नवाचार को देंगे बढ़ावा

## सीएम योगी से यामानाशी प्रांत के उप राज्यपाल ने की मुलाकात, रणनीतिक साझेदारी की मजबूती पर चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। भारत-जापान के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी को और गति देने की दिशा में बुधवार को महत्वपूर्ण पहल हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जापान के यामानाशी प्रांत के उप राज्यपाल जुनिची इशिडोरा के नेतृत्व में आए आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान यूपी और यामानाशी प्रांत के बीच औद्योगिक सहयोग, स्वच्छ ऊर्जा, नवाचार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को नई ऊंचाई देने पर चर्चा हुई।

सीएम ने कहा कि भारत-जापान संबंध सिर्फ कूटनीतिक नहीं, बल्कि साझा मूल्यों, विश्वास और सतत विकास की भावना पर आधारित हैं। यूपी इस रणनीतिक साझेदारी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। बैठक में वर्ष 2024 में यूपी सरकार और यामानाशी प्रांत के बीच हुए समझौता ज्ञापन के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

यह एमओयू ग्रीन हाइड्रोजन, स्वच्छ ऊर्जा, क्षमता निर्माण और सतत औद्योगिक विकास के क्षेत्रों में सहयोग का मजबूत आधार तैयार करता है। सीएम ने बताया कि प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाया गया है और इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी यूपीनेडा को सौंपी गई है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में ग्रीन हाइड्रोजन पायलट परियोजना के वाणिज्यिक संचालन को उपलब्धि बताया गया। प्रतिनिधिमंडल ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में यूपी सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में तकनीकी और औद्योगिक सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताई। बैठक में बौद्ध विरासत और पर्यटन सर्किट से सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत करने पर भी सहमति बनी।

सीएम ने विश्वास जताया कि यूपी व यामानाशी प्रांत के बीच यह रणनीतिक सहयोग आने वाले समय में ग्रीन एनर्जी, नवाचार और औद्योगिक विकास के क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोलेगा और भारत-जापान साझेदारी को और सशक्त करेगा। ब्यूरो



जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ सीएम योगी। -सूचना विभाग

### जापान में अप्रैल-मई में होगा फूड फेस्टिवल

लखनऊ। प्रदेश में शुरू की गई एक जिला, एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना को जल्द ही बड़ा विस्तार मिलेगा। इसके तहत अप्रैल-मई में जापान में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। यह सहमति बुधवार को जापान के यामानाशी प्रांत से आए प्रतिनिधिमंडल और पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के साथ हुई बैठक में बनी। स्थानीय होटल में हुई बैठक में यूपी और जापान के बीच पर्यटन एवं संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग पर विस्तार से बात हुई। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आगरा, लखनऊ और वाराणसी जैसे शहरों में गोल्फ कोर्स उपलब्ध हैं जो जापान की गोल्फ परंपरा को देखते हुए खेल पर्यटन में सहयोग के अवसर खोलते हैं। यामानाशी प्रांत के उप-राज्यपाल जुनिची इशिडेरा ने कहा कि यूपी के सीएम की प्रस्तावित जापान यात्रा एक महत्वपूर्ण अवसर होगी। अगस्त में लगभग 200 सदस्यों का एक जापानी प्रतिनिधिमंडल यूपी आएगा। इससे व्यापार, वाणिज्य, पर्यटन और सांस्कृतिक सहयोग को और विस्तार मिलेगा। ब्यूरो

### ग्रीन हाइड्रोजन व अक्षय ऊर्जा में निवेश अवसरों की तलाश

इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से जापान के यामानाशी प्रांत के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा विभाग और यूपीनेडा के साथ स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास को लेकर सार्थक संवाद किया। बैठक में यामानाशी सरकार के सलाहकार नरेंद्र उपाध्याय और कानाडेविया कॉर्पोरेशन और किंकी निप्पॉन टूरिस्ट कंपनी के प्रतिनिधियों ने विचार साझा किए। अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत एवं तकनीकी शिक्षा) नरेंद्र भूषण और यूपीनेडा के निदेशक इंदरजीत सिंह ने यूपी की हरित ऊर्जा विजन और जिसमें ग्रीन हाइड्रोजन और नवकरणीय ऊर्जा को प्राथमिकता दी जा रही है।